भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
नई दिल्ली
**परीक्षा विंग**

**सं.106/05-परीक्षा/कमर्शीयल पेपर की समीक्षा /202**
**दिनांकः 11/03/2025**

सेवा में,

आई एंव एडी कार्यालयों के सभी विभागाध्यक्ष
महानिदेशक (स्टाफ)/महानिदेशक (मुख्यालय)
(मानक ई-मेल सूची के अनुसार)

विषय: अधीनस्थ लेखापरीक्षा/लेखा सेवाएँ (एसएएस) परीक्षा का संशोधित पाठ्यक्रम

महोदया/महोदय,

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने एसएएस परीक्षा के कुछ प्रश्नपत्रों के संशोधित पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी है। पीसी-3 (सूचना प्रौद्योगिकी-सिद्धांत एवं व्यावहारिक), पीसी-9 (मूलभूत वित्तीय लेखांकन एवं वित्तीय विवरणों का विश्लेषण (वाणिज्यिक) और पीसी-20 (वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, वाणिज्यिक कानून एवं कॉर्पोरेट कर कानून (वाणिज्यिक लेखापरीक्षा) के संशोधित पाठ्यक्रम संलग्न हैं। इन्हें सीएजी की वेबसाइट (cag.gov.in>विभागीय परीक्षाएँ>पाठ्यक्रम एवं पुस्तकें) से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। संशोधित पाठ्यक्रम 2025 की परीक्षा-2 से लागू किया जाएगा।

2. संशोधित पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

I. पीसी-20 (वाणिज्यिक लेखा परीक्षा, वाणिज्यिक कानून और कॉर्पोरेट कर कानून-वाणिज्यिक लेखा परीक्षा) का पाठ्यक्रम वर्णनात्मक और बहुविकल्पीय प्रश्नों का मिश्रण होगा।

II. पीसी-8 (वित्तीय नियम, सरकारी और लोक निर्माण लेखा के मूल सिद्धांत, सेवा नियम और लेखा मानक) का भाग V (लेखा मानक) वर्णनात्मक होगा।

III. पीसी-10 (उन्नत लेखा और लागत एवं प्रबंधन लेखा-वाणिज्यिक लेखा परीक्षा) का पाठ्यक्रम समान रहेगा, जबकि यह पूरी तरह से वर्णनात्मक होगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीय
(हीरक बागची),
वरि. प्र.अ.-सलाहकार (परीक्षा)